_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chadigarh
Date- Class- VI
Subject - Hindi Language Page- 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग - 6
वचन (लड़का से डाली तक)

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'वचन' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण की पाठ्यपुस्तक आमोद भाग-6 की पृष्ठ संख्या - 28 में दिया गया है। यह पाठ आपको 5 मई, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'वचन' शब्द पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपनी - अपनी पाठ्यपुस्तक आमोद भाग-6 का पृष्ठ-28 निकाल लें। आप अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'वचन' शब्दो के बारे मे समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको 'वचन' शब्दों के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! शब्द के जिस रूप से एक या अनेक का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

बच्चो ! 'वचन' शब्द का प्रयोग किसी के द्वारा कहे गए वाक्यो या बोलने के लिए किया जाता है। जैसे - अहिंसा परम धर्म है ये गाँधी जी के वचन हैं, परन्तु व्याकरण में 'वचन' शब्द का प्रयोग इन दोनों से अलग 'संख्या' का बोध कराने के लिए होता है।

जैसे :- • लड़का दौड़ रहा है। • लड़के दौड़ रहे हैं।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -   Class- VII

Subject - Hindi Language   Page - 2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

- लड़की गाना गा रही है।   • लड़कियाँ गाना गा रही हैं।
- हाथी ने पेड़ तोड़ा।   • हाथियों ने पेड़ तोड़े।

इन वाक्यों में 'घोड़ा', 'लड़की', तथा 'हाथी' शब्द एक शब्द का और 'घोड़े' 'लड़कियाँ' तथा 'हाथियों' शब्द एक से अधिक का बोध करा रहे हैं।

इस प्रकार बच्चो! वचन के दो भेद होते हैं :-

* एक वचन

* बहुवचन

एकवचन :- बच्चो! शब्द के जिस रूप से एक ही वस्तु या प्राणी का बोध हो, उसे एक वचन कहते हैं।

जैसे :- माला, पुस्तक, कुत्ता, कपड़ा, बिल्ली आदि।

बहुवचन :- शब्द के जिस रूप से अनेक वस्तुओं या प्राणियों का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं।

जैसे :- मालाएँ, पुस्तकें, कुत्ते, कपड़े, बिल्लियाँ आदि।

बच्चो! कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो सदैव एकवचन में ही प्रयोग किए जाते हैं। जैसे :-

(क) धातु पदार्थों का ज्ञान कराने वाली जातिवाचक संज्ञाएँ - सोना, चाँदी, लोहा, पीतल, घी, तांबा आदि।

(ख) भाववाचक संज्ञाएँ - प्रेम, करुणा, कृपा, घृणा, दया, क्रोध, मिठास, अपनापन, खटास आदि।

(ग) आग, पानी, पवन, हवा, जल, वर्षा, वायु, दही, जनता, पाताल, आकाश, सत्य, सहायता आदि।

(घ) समूहवाचक संज्ञा - सेना, जाति, कक्षा, गुच्छा, सभा, मंडल, गुण, वृंद, निगम, कमेटी, शासन आदि।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-　　　　　　　　　　Class- VII

Subject- Hindi Language　　　　Page-3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

इस प्रकार बच्चो ! हमने यहाँ तक समझा कि शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक संख्या में होने का बोध होता है, उन्हें वचन कहते हैं।

बच्चो ! मैंने आपको वचन शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न- 1. वचन की परिभाषा लिखें।

प्रश्न- 2. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखें।

(क) लड़की ..........

(ख) माला ..........

(ग) कपड़ा ..........

(घ) सोना ..........

प्रश्न- 3. 'राम की पेंसिल नई है।' इस वाक्य का वचन बदल कर लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर- 1. शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक संख्या में होने का बोध होता है, उन्हें वचन कहते हैं।

उत्तर- 2. (क) लड़कियाँ

(ख) मालाएँ

(ग) कपड़े

(घ) सोना

उत्तर- 3. राम की पेंसिलें नई हैं।

_/_/_

Date-	Class- VI

Subject - Hindi Language	Page-4

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

बच्चो! अब मैं आपको 'वचन' शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप सभी अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| लड़का | लड़के |
| शीशा | शीशे |
| चीता | चीते |
| बछड़ा | बछड़े |
| गधा | गधे |
| घोड़ा | घोड़े |
| कपड़ा | कपड़े |
| मोटा | मोटें |
| बेटा | बेटे |
| बच्चा | बच्चे |
| माता | माताएँ |
| लता | लताएँ |
| सभा | सभाएँ |
| ऋतु | ऋतुएँ |
| माला | मालाएँ |
| कविता | कविताएँ |
| बहू | बहुएँ |
| सेविका | सेविकाएँ |
| रात | रातें |
| बोतल | बोतलें |
| नहर | नहरें |
| भैंस | भैंसें |

Scanned with CamScanner

Date -                                    Class - VI
Subject - Hindi Language                  Page - 5
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | |
|---|---|
| बात | बातें |
| दीवार | दीवारें |
| पंक्ति | पंक्तियाँ |
| राशि | राशियाँ |
| उपाधि | उपाधियाँ |
| फली | फलियाँ |
| सखी | सखियाँ |
| रानी | रानियाँ |
| मछली | मछलियाँ |
| डाली | डालियाँ |

बच्चो ! मैंने आपको वचन शब्द समझा दिए हैं। आशा है यह आपको अच्छे से समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी। जिसे सभी बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- सभी बच्चे ऊपर कराए गए 'वचन' शब्द ( लड़का से डाली तक ) अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखें।
- आप इन वचन शब्दों को याद भी करेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner